## एक नजर में

### मदीना होटल एवं स्टार होटल से घरेलू गैस टंकियां जब्त, नोटिस भी जारी



**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में मिलावटी खाद्य सामग्री विक्रय पर रोक लगाने एवं नागरिकों को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले की विभिन्न खाद्य विक्रय करने वाली दुकानों की जांच की जा रही है। वहीं नमूने लेकर परीक्षण हेतु भोपाल भेजे जा रहे है। संयुक्त रूप से अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की गयी। दिन रविवार को अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान सहित अन्य अधिकारियों के दल ने खाद्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शालीमार डेयरी सिंधीबस्ती से मावा, घी, पनीर का नमूना लिया गया। मदीना स्वीट्स मंडी बाजार से गुलाब जामुन और मिल्क पेडा का नमूना लिया गया। अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुये मदीना स्वीट्स को नोटिस जारी कर लगभग 15 किलो मावा नष्ट कराया गया साथ ही मदीना होटल से दो घरेलू गैस टंकियां एवं स्टार होटल से तीन घरेलू गैस टंकियां जप्त करने की कार्यवाही भी की गई। जांच दल में अपर कलेक्टर वीरसिंह चौहान सहित एसडीएम अजमेर सिंह गौड़, डिप्टी कलेक्टर राजेश पाटीदार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश डावर, तहसीलदार बुरहानपुर ने संयुक्त रूप से कार्यवाही की।

### अवैध धर्मांतरण के खिलाफ जनजातीय संस्कृतिक सुरक्षा मंच द्वारा प्रदर्शन



**बुरहानपुर।** जनजातीय संस्कृतिक सुरक्षा मंच द्वारा नेपा क्लब हाउस में धर्म रक्षा सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम संतों द्वारा पुष्प माला टंट्या मामा, बिरसा मुंडा, बाबा साहब अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू हुआ। मंचासिन संत श्री राम चरण जी चैतन्य महाराज, संत श्री स्वामी मुक्तानंद भारती महाराज, दादू दयाल महाराज, मनोहर महाराज, जितेंद्र जीअलावा, लालसिंग महाराज, रमेश महाराज थे। संचालन राजेश कास्डेकर ने किया। जिसमे संतो और समाज प्रमुख के द्वारा अपना उदबोधन दिया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या समाजजन उपस्थित थे।

**अवैध धर्मांतरण के खिलाफ प्रदर्शन:–** इस दौरान जनजातीय द्वारा किया विरोध प्रदर्शन देश में बढ़ रहे अवैध धर्मांतरण को रोकने के लिए मालवा के जनजातीय क्षेत्रों में निवास करने वाले आदिवासी परिवारों के द्वारा अलग अलग स्थानों पर विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम किए जा रहे है। इस विषय में जब जनजातीय क्षेत्रों के समाज प्रमुखों से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, हिमाचल, उड़ीसा सहित देश के कई राज्यों में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम बनाएं गए है। भारत के संविधान में भी अनुच्छेद 25 में धार्मिक स्वतंत्रता के विषय में स्पष्ट उल्लेख किया गया है। धार्मिक स्वतंत्रता का अर्थ है कोई भी नागरिक अपने धर्म को मानने, आचरण और व्यवहार करने, धर्म के अनुसार पूजा उपासना करने और अपने धर्म का प्रचार प्रसार करने के लिए स्वतंत्रत है। परन्तु किसी दूसरे धर्म को मानने के लिए यदि किसी व्यक्ति के द्वारा लालच या प्रलोभन दिया जाता है या दबाव बनाया जाता है तो इसे कानूनी रूप से अपराध की श्रेणी में रखा गया है। कानून में धर्मांतरण को अवैधानिक घोषित करने के बाद भी विधर्मियो के द्वारा आदिवासी परिवारों को छल कपट लालच प्रलोभन ओर दबाव पूर्वक धर्मांतरित करने के षड्यंत्र हो रहे है। भारत के जिन राज्यों ने धर्मांतरण को रोकने के लिए धर्म स्वतंत्रता अधिनियम बनाएं गए हैं उन राज्यों में विधर्मियों को अवैध धर्मांतरण करने के अपराध के लिए अनेक स्थानों पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किए जा रहे है साथ ही कई मामलों में कोर्ट ने भी ऐसे लोगों को दोषसिद्ध करार देते हुए सजा सुनाई है। ऐसे में विधर्मियों की गतिविधियों में जो कमी आई है उसी से परेशान होकर उनके द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में राज्यों द्वारा बनाए गए धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम को चुनौति देते हुए एक प्रकार कीए एक जैसे लोगों द्वारा और एक ही उद्देश्य वाली अलग अलग याचिकाएं दाखिल की गई है। जो कि एक स्पष्ट षड्यंत्र दिखाई देता है। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक राजेश कास्डेकर ने दी।

### शतरंज स्पर्धा . निमाड़ के 3 जिलों की टीम के बीच हुआ शतरंज मुकाबला, खरगोन की टीम रही विजेता, खंडवा उप विजेता




**नेपानगर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस नेपानगर में शनिवार को एक दिवसीय संभाग स्तरीय पुरुष शतरंज स्पर्धा का आयोजन हुआ। खास बात यह है कि इस स्पर्धा में निमाड़ के तीन जिलों बुरहानपुरए खरगोनए खंडवा की टीमों के बीच शतरंज का मुकाबला हुआ जिसमें खरगोन की टीम विजेता और खंडवा की टीम उप विजेता रही। मुख्य अतिथि के बतौर जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष छाया गुडगे मौजूद रहीं। साथ ही तीन जिलों के शतरंज दल प्रभारी भी शामिल रहे।

इस दौरान स्वागत भाषण में शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मनीषा सकल्ले ने कहा कि संभाग स्तरीय पुरुष शतरंज स्पर्धा का आयोजन होना नेपानगर महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। प्रत्येक खेल में खेल भावना होती है। इसी खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए खेल का आनंद लेंगे। हारए जीत खेल का अभिन्न हिस्सा है। किसी न किसी की जीत अवश्य होगी पर प्रत्येक की जीत संभव नहीं जिनकी जीत होगी उन्हें बधाइयां और जो किसी कारण से जीत दर्ज नहीं कर सके है वह और अधिक तैयारी के साथ आगे भी भाग लेंगे। प्रकाश वास्कले डायरेक्टर फिजिकल एजुकेशन कांति सूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय खरगोन ने कहा कि यह शतरंज खेल नहीं है यह एक टीम की भावना का प्रतीक है। जीतने पर गर्व अवश्य करें पर किसी को नीचा ना दिखाएं। हार और जीत के बिना खेल नहीं हो सकता। कोई जीतेगा तो कोई हारेगा। हमें सदैव खेल भावना को सर्वोपरि रखना होगा और आगे बढ़ना होगा। निर्णायक मंडल में डॉक्टर वेद प्रकाश मालानी चेयरपर्सन निर्णायक समितिए डॉक्टर मनोज राव सदस्य निर्णायक समितिए डॉक्टर सूची गुप्ता सदस्य निर्णायक समिति के रूप में उपस्थित थे। दल प्रभारी के रूप में दिलीप डाबर क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महाविद्यालय सनावदए सुखदेव मुक्ति पर्यवेक्षक शासकीय महाविद्यालय सनावद आकाश महाजन नेपानगरए खेमराज के महाविद्यालय खकनार से उपस्थित थे।

# एक संगठित विजयशाली हिन्दू समाज का निर्माण ही संघ का कार्य : विश्वकर्मा

**नवभारत न्यूज,**
**नेपानगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी एवं संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर नेपानगर में पथ संचलन निकाला। बड़ी संख्या में स्वयंसेवक अनुशासन में नगर के मुख्य मार्गों से निकले। जगह.जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यह नगर में अब तक का सबसे बड़ा पथ संचलन था। इसमें 1 किमी लंबी कतार में संघ के स्वयंसेवक चल रहे थे। पथ संचलन ने 4 किमी की दुरी तय की।

नेपानगर में रामलीला मैदान में शाम 4 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण हुआ। शुरुआत में ध्वज प्रणाम व शस्त्र पूजन किया गया। योगासन, व्यायाम और अन्य कार्यक्रम हुए। मंचासीन नगर कार्यवाह तुषार जी सोनवणे अतिथी शालिकराम जी राखोंडे एवं मुख्य वक्ता जिला प्रचारक अभय जी विश्वकर्मा थे।

मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक अभय विश्वकर्मा ने उद्बोधन में





कहा कि संघ के 100 वर्ष पूर्ण हो गए हैं लेकिन समाज को संगठित करने का कार्य निरंतर जारी है। उन्होंने प्रभु श्रीराम के सिद्धांतों पर चलने और समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर आकर संगठित होने को आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य वक्ता ने कहा कि चाहे कितना भी अन्याय, अधर्म और असत्य क्यों न व्याप्त हो, जब समाज की सामूहिक शक्ति का निर्माण होता है, तो विजय अवश्य प्राप्त होती है और विजय धर्म की होती है। संघ ने समाज को संगठित किया है और समाज की सामूहिक शक्ति का निर्माण किया है ताकि हमारा राष्ट्र सदैव विजयी रहे। एक संगठित विजयशाली हिन्दू समाज का निर्माण ही संघ का कार्य है।

30 से अधिक स्थानों पर समाज जन, मातृशक्ति एवं स्वयं सेवी संघटनों द्वारा पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर स्वागत : –नगर के प्रमुख मार्ग से पथ संचलन निकला उस मार्ग पर लोगों ने दोनों और खड़े होकर पुष्पवर्षा की। समाज जन, मातृशक्ति एवं स्वयंसेवी संगठनों ने 30 से अधिक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मातृ शक्ति ने भी स्वागत किया। इसके साथ ही मार्ग पर जगह.जगह रंगोली भी बनाई। रामलीला मैदान 7 नम्बर गेट से घोष के साथ पथ संचलन की शुरुआत की गई। इसमें स्वयंसेवक हाथों में दंड लिए पूर्ण गणवेश में अनुशासित तरीके से चल रहे थे। इस दौरान भारत माता का जयघोष गूंजा। पथ संचलन में करीब 500 से अधिक स्वयंसेवक शामिल हुए। पथ संचलन के दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। संचलन मार्ग व चौराहों पर पुलिस जवान तैनात थे।

## महात्मा ज्योतिबा फूले साख संस्था ने संजय पवार को ट्रैक्टर ऋण प्रदान



**नवभारत न्यूज,**
**ईच्छापुर।** महात्मा ज्योतिबा फूले साख सहकारी संस्था मर्यादित इच्छापूर द्वारा पहली बार संस्था द्वारा ग्राम के गरीब.युवा संजय रमेश पवार को ऋण देकर ट्रेक्टर दिया गया। संस्था के अध्यक्ष रघुनाथ चौधरी, उपाध्यक्ष डॉ अरुण भोलानकर एवं सदस्यो की उपस्थिती में संजय पवार को ट्रेक्टर की चाबी सौपी गई। इस मौके पर ग्राम के वरिष्ठ सिताराम चौधरी, सुनिल सपकोडे, शेख शब्बीर सेठ, विठ्ठल पाटील, प्रकाश महाजन, श्रावन महाजन, संस्था प्रबंधक रहीम खाँ बागवान सहीत कर्मचारी गण मौजूद थे।

## कोतवाली क्षेत्र के बैरी मैदान में जुआ–सट्टा पर बवाल, कई घायल





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र के बैरीमैदान एवं सम्राट नगर में खुले आम जुआ एवं सटटा संचालित हो रहा हे। मामले की शिकायत करने पर शिकायतकर्ता स्थानिय लोगो पर बाहर से गुन्डे बुलवाकर शनिवार रात्री उन पर जुआ–सटटा संचालको ने हमला करवा दिया जिसमें कई लोग घायल हो गए। मामले को लेकर बसपा, भाजपा नेता घटना स्थल पर पुहचे और हमले का विरोध करते हुवे हमलावरो की गिरफतारी एवं क्षेत्र में बैखौफ संचालीत जुआ एवं सटटा बंद करने की मांग की गई।

शनिवार रात्री थाना कोतवाली क्षेत्र के बैरी मैदान एवं सम्राट नगर में खुले आम जुआ–सटटा संचालीत होने का आरोप लगाकर स्थानिय नागरीको ने जनसुनवाई में शिकायत की। जिसमें तत्काल प्रभाव से अवैध जुआ, सटटा संचालन पर नपतिबंध लगाने की मांग की गई। किन्तु शिकायत से बौखलाकर संचालको ने बाहर से गुन्डे बुलवाकर शिकायत कर्ताओं पर हमला करवाने के आरोप लगाए गए। इस हमले में 5 से अधिक लोगो के घायल हासेने की जानकारी प्राप्त हुई है। मौके पर पुलिस ने पहुचकर घायलो को जिला चिकित्सारलय पुहचाया जहा उनका उपचार जारी है।

भाजपा नेता महेशसिह चौहान, अशोक कुरील एवं बसपा नेता प्रमोद गाढे सहित अन्य शनिवार रात्री घटना स्थल पर पहुचे। वहा उपस्थित भारी संख्या में महिलाओं एवं स्थानिय नागरीको ने आरोप लगाया की याकुब, जावेद, करीम सहित अन्य लोग मिलकर बैखौफ जुआ एवं सटटा संचालीत कर रहे है। शिकायत करने पर बाहर से गुन्डे बुलवाकर उनके द्वारा शिकायतकर्ताओं को धमकी एवं लाठी, डंडे व हथियार से हमला कर दिया। सभी ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से मांग की है कि तत्काल असामाजीक बुराई जुआ एवं सटटा क्षेत्र में बद करवाया जावे।

## पुलिस टीम ने गुमशुदा महिला को सकुशल परिवार के सुपुर्द किया

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह, कनेश एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महिला सम्मान सुरक्षा एवं स्वतन्त्रता हेतु जारी समस्त थानाध्चौकी द्वारा गुम बालक / बालिकाओं, महिलाओं की दस्तयाबी की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है जिसमें बुरहानपुर पुलिस द्वारा गुम बालिकाओंध्महिलाओं को साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र से पता कर राज्य से एवं राज्य के बाहर के शहरों से दस्तयाब कर परिवार के सुपुर्द किया जा रहा है। थाना निंबोला में गुम इंसान क्रमांक 52/2025 में गुमशुदा की तलाश हेतु थाना प्रभारी निम्बोला राहुल कामले, चौकी धुलकोट प्रभारी कमल मोरे के द्वारा बनाई गई टीम में प्र आर 398 इमरान खान द्वारा गुमशुदा अंकिता पिता जितेंद्र जाती भीलाला को दस्तयाब कर उसकी



राजी मर्जी से उसके पति कृष्ण पाल पिता अंतर सिंह भिलाला उम्र 25 वर्ष निवासी धूलकोट के सुपर्द किया गया। पुलिस द्वारा हम होंगे कामयाब पखवाड़े अंतर्गत महिला सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लगातार गुम बालिकाओंध्महिलाओं की दस्तयाबी की कार्यवाही जारी रहेगी।

## कांग्रेस प्रदेश महासचिव बनने पर महिला नेत्री सरिता भगत का किया स्वागत

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** कांग्रेस की प्रदेश महासचिव श्रीमती सरिता भगत की नई जिम्मेदारी पर बुरहानपुर की अनेक सामाजिक संस्थाओं ने संयुक्त रूप से उनका भव्य स्वागत किया। यह कार्यक्रम न केवल राजनीतिक सम्मान का प्रतीक रहा, बल्कि समाजसेवा, महिला नेतृत्व और संगठनात्मक एकता का सशक्त उदाहरण भी बना।

सरिता भगत लंबे समय से महिला उत्थान, शिक्षा, जल संरक्षण और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में सक्रिय रही हैं। उन्होंने ताप्ती सेवा समिति, महिला कांग्रेस और विभिन्न सामाजिक अभियानों के माध्यम से



महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, जरूरतमंदों की सहायता करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेक पहलें की हैं।

कार्यक्रम में रेलवे संघर्ष समिति के सचिव राम अग्रवाल व मंसूर सेवक, तेल घानी बोर्ड बुरहानपुर विधानसभा सदस्य विजय राठौर, श्रम हितकारी संघ मे सचिव शोभा लाल जी शर्मा बालाजी उत्सव समिति से आशीष भगत, शिंपी समाज समिति से युवा सदस्य आशीष सुखदाने, जियो क्लब की अध्यक्ष प्रेमलता सांकले, हज वेलफेयर सोसायटी से रियाजुल हक़ अंसारी, ताप्ती सेवा समिति के संरक्षक राजीव खेडकर तथा पेंशनर एसोसिएशन से अताउल्ला ख़ान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

## व्यवहारिक कार्य सीखकर छात्र ग्राम विकास में बने सहभागी : चिटनिस

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर। म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा स्वदेशी जागरण अभियान तथा पं.दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की उन्मुखीकरण कक्षाओं का शुभारंभ विधायक अर्चना चिटनिस के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन कर किया गया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चिटनिस जी ने कहा कि पं.दीनदयाल उपाध्याय जी का एकात्म मानववाद और स्वदेशी चिंतन आज भी समाज को आत्मनिर्भरता, सेवा और नेतृत्व की दिशा में प्रेरित करता है। उन्होंने




उपस्थित छात्र.छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस पाठ्यक्रम के माध्यम से व्यवहारिक कार्यों को सीखकर अपने ग्राम, वार्ड और क्षेत्र को आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित करने का संकल्प लें।

कार्यपालक निदेशक मण्प्रण् जन अभियान परिषद डॉ.बकुल लाड़ ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर बुरहानपुर एवं खकनार की कक्षाओं में विद्यार्थियों को संबोधित किया तथा पाठ्यक्रम की महत्ता और उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

जिला समन्वयक म.प्र.जन अभियान परिषद मनीष कुवादे ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व, सेवा भावना और ग्राम विकास की सोच को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाना रहा। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन, डॉ. मनोज अग्रवाल, नरहरी दीक्षित, सुमित बोरले, नवांकूर संस्था अध्यक्ष मिलिंद तलेकर, उषा उदलकर, जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।

## किशोर कुमार की पुण्यतिथि को लेकर संगीत साधना संस्था की तैयारी जोरों पर



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** किशोर कुमार की पुण्यतिथि को लेकर संगीत साधना संस्था के गायक कलाकारों ने जोरदार प्रेक्टिस की एवं किशोर के गीतों पर जुम कर उठे। आयोजन 15 अक्टूबर 2025 को होने वाला है सभी तैयारिया पूर्ण हो चुकी हैएगायकों के बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है।

किशोर कुमार संगीत समारोह सोसायटी के अध्यक्ष विलास गोसावी ने बताया कि जिले का यह शानदार आयोजन होटल अंबिका रेसीडेंसी में आयोजित किया गया है। जिस में सभी जन प्रतिनिधियों अधिकारी को आमंत्रित किया गया है।

**एक नजर** जीएसटी सुधार और आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत बुरहानपुर सम्मेलन ...

# घर–घर स्वदेशी को अपनाकर ही वैभवशाली राष्ट्र का निर्माण कर सकते है : डॉ. माने

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जीएसटी सुधार और आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान अंतर्गत बुरहानुपर विस्तार सम्मेलन का आयोजन स्थानिय श्री हैय कल्चुरी कलाल समाज भवन स्टेडियत के पास बुरहानपुर में आयोजीत किया गया।






कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने कहा कि हर घर स्वदेशी घर.घर स्वदेशी को अपनाकर ही भारत आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकता है। उन्होने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक डॉ. बलिराम हेडगेवार जी द्वारा संघ स्थापना का उदेश्य ही सशक्त भारत, आतम निर्भर भारत रहा हे। इस अभियान अंतर्गत भारत में बनी वस्तुओं का उपयोग किया जाना चाहीए। आपने कहा कि हमारे देश सदियों से आत्म निर्भर रहा है कालांतर के कुछ कालखंड मुगल और अंग्रेज शासन में इसकी व्यवस्था बर्बाद किया गया। लेकिन 2014 में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सतता में आने के बाद आज फिर विश्वास बना है कि हमारा देश आत्मनिर्भर और वैभवशाली राष्ट्र बनकर उभरेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुवा। अतिथियों में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विघायक श्रीमती अर्चना चिटनिस, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, पूर्व विघायक सुमित्रा कास्डेकर, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज लधवे, जिला महामंत्री चिंतामन महाजन तथा अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, व्यापारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने ने हर घर स्वदेशी घर.घर स्वदेशी के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा जीएसटी लागु कर अनेक टेक्स के स्थान पर एक टेक्स पणाली लागु की, प्रारम्भ में 4 स्लेब बनाए गए और अब उसका भी सरलीकरण कर 5 मात्र दो स्लेब में टेक्स को लागू कर देश के व्यापार एवं उद्योग जगत को बडा तोहफा दिया है। जिसके कारण व्यापारीयों को बडी राहत मिली है। भाजपा सरका ने अपने 11 वर्ष के कार्यकाल मेंएतिहासीक फैसलों को लागू कर कई किर्तीमान स्थापित किए है। आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य केवल आर्थिक मजबूती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अभियान स्वदेशी विचार, स्वदेशी व्यवहार और स्वदेशी व्यापार के माध्यम से हमारे आत्मसम्मान और आत्मगौरव को पुनः स्थापित करने का सशक्त प्रयास है।

कार्यक्रम को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने संबोधित करते हुए जीएसटी सुधार और आत्मनिर्भर भारत अभियान अंतर्गत आयोजित सम्मेलन मे व्यापारीयो, समाजसेवीयो, जन प्रतिनिधियों व आम लोगों के बीच उन्होने कहा कि जीएसटी कम होने से वस्तुएं सस्ती हुई है। अमेरिका द्वारा टैरिफलगाए जाने के बावजूद भारत का निर्यात लगातार बड़ा है और घरेलू उत्पाद एवं उपभोग दोनों में वृद्धि हुई है। स्वदेशी अपनाकर देश को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत है। पीएम मोदी ने इस दिशा में कदम बढ़ाया है। हमें उनका विजन अपना कर घर.घर स्वदेशी की भावना को सशक्त करना है। स्थानीय उत्पादकों को बढ़ावा देना लघु उद्योगों को सशक्त बनाना और वोकल फॉर लोकल की भावना को जन.जन तक पहुंचाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

पुर्व केबिनेट मंत्री एवं बुरहानुपर विघायक श्रीमती अर्चना चिटनिस ने सम्मेलन को संबोधित करते हुवे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चल रहा यह अभियान देशवासियों को देशी उत्पाद अपनाने, स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने और विदेशी निर्भरता को कम करने का आह्वान करता है। जब हम अपने गाँव, नगर और प्रदेश में निर्मित उत्पादों का उपयोग करेंगे, तब हमारे कारीगर, किसान और उद्यमी सशक्त होंगे और यही शक्ति राष्ट्र को आर्थिक स्वतंत्रता व मजबूती प्रदान करेगी।

सम्मेलन में उपस्थित जनसमूह ने भी एक स्वर में यह संकल्प लिया कि अब हर घर स्वदेशी बनेगा। इस सम्मेलन में स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शन एवं बिक्री हेतु स्टॉल भी लगाए गए। व्यापारियों उद्यमियों और नागरिक बंधुओं से संवाद करते हुए जीएसटी दरों में हुई ऐतिहासिक कटौती की जानकारी दी तथा सभी को स्वदेशी उत्पादों के प्रचार.प्रसार और उपयोग के लिए प्रेरित किया।

सम्मेलन का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री चिंतामन महाजन ने माना।